**Flexituff Ventures International Limited**
C41-50, SEZ Sector-3
Pithampur – 454 775, Distt. Dhar (M.P.) India
Phone: 91-7292420200, 401681-82-83
Fax : 91-7292-401684
Email: mail@flexituff.com url: www.flexituff.com
**CIN : L25202MP1993PLC034616**

**16th November, 2024**

| To,<br>The Manager (Listing Centre)<br>BSE Limited<br>25th Floor, P.J. Towers, Dalal Street, Mumbai-400 001 | To,<br>The Manager - Corporate Compliance<br>National Stock Exchange of India Limited<br>Exchange Plaza, Bandra Kurla Complex,<br>Bandra (East), Mumbai- 400 051 |
|---|---|

**REF: Flexituff Ventures International Limited (ISIN – INE060J01017), BSE Code-533638, NSE Scrip- FLEXITUFF**

**Subject: Newspaper Advertisement regarding Publication of Un-Audited Financial Results for the quarter and half year ended 30th September, 2024.**

**Dear Sir/Madam,**

This is in continuation to our communication dated November 14th, 2024 wherein the Company had duly submitted the Un-audited Financial Results of the Company for the quarter and half year ended 30th September, 2024 of the Financial Year 2024-25, in the format specified under Regulation 33 of the Securities and Exchange Board of India (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015 together with the Limited Review Report. In this regard, please find enclosed herewith copies of the newspaper clippings wherein the aforesaid Un-Audited Financial Results of the Company have been duly advertised in following newspapers published on 16th November, 2024-

1. Times of India – English
2. Swadesh- Hindi

This is for your information and needful.

Thanking you,

**For Flexituff Ventures International Limited**

RISHABH
KUMAR JAIN

Digitally signed by RISHABH KUMAR JAIN
DN: c=IN, postalCode=452016, st=MADHYA PRADESH, street=G1 SHLOKE ENCLAVEINDOREKANADIA ROAD MAINNEAR ASHISH KIRANA 452016, l=INDORE, o=Personal, title=8501, serialNumber=3f068a5e595ae0fa10c1ad9cdc24432886f71a1948d30c3dd7e2034c82e93a12, pseudonym=850120230102130455836, 2.5.4.20=34a2b7d63b3f3a1bfb9ff920e436ef8865a9d416e68d9a4aed9d90348b47b44e, email=SANDHELIYA.RISHABH@GMAIL.COM, cn=RISHABH KUMAR JAIN
Date: 2024.11.16 11:34:09 +05'30'

**Rishabh Kumar Jain**
**Company Secretary &Compliance Officer**
**Membership No- F7271**

## संक्षिप्त समाचार

### सराफा : सोना-चांदी में उछाल



**इंदौर।** स्थानीय सराफा बाजार में सोना 300 रुपये तथा चांदी 1500 महंगी बिकी। आज चांदी सिक्का सस्ता बिका। विदेशी बाजार में सोना 2667 डालर व चांदी 3068 सेन्ट प्रति औंस बिकी। उल्लेखनीय है कि सोना- चांदी के भाव में देर रात तक फेरबदल होता रहता है। सोना 76400 रुपये प्रति 10 ग्राम ।चांदी 90900 रुपये प्रति किलोग्राम ।चांदी सिक्का 1150 रुपये प्रति नग।

### पेट्रोल और डीजल की कीमतों में टिकाव



**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट जारी रहने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम में आज टिकाव रहा, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपये प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपये प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपये प्रति लीटर पर रहा।

### गुरु नानक जयंती पर शेयर और मुद्रा बाजार बंद

**मुंबई।** गुरु नानक जयंती के अवसर पर आज शेयर बाजार और अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में अवकाश रहा, जिसके कारण कोई कामकाज नहीं हो सका ।देश के प्रमुख शेयर बाजारों बीएसई और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) के साथ ही अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार भी बंद रहा है ।कारोबारियों का कहना है कि बाजार में अब अगले सप्ताह सोमवार से सामान्य कामकाज होगा।

विश्व मधुमेह दिवस 2024

# 'चीनी कम मिठास भरपूर रन-वॉक' और स्वास्थ्य शिविर होगा आयोजित

## डॉ. संदीप जुल्का, केयर सीएचएल अस्पताल, आईएमए और लायंस क्लब के सहयोग से रन वॉक एवं मधुमेह जागरूकता शिविर का आयोजन 17 नवंबर को

स्वदेश समाचार ■ इंदौर

विश्व मधुमेह दिवस 2024 के अवसर पर 17 नवंबर को मधुमेह रोग विशेषज्ञ डॉ. संदीप जुल्का द्वारा केयर सीएचएल अस्पताल, इंडियन मेडिकल एसोसिएशन और लायंस क्लब के सहयोग से जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम के तहत 'चीनी कम मिठास भरपूर रन-वॉक' का आयोजन किया जाएगा, जो मंगल सिटी मॉल से सुबह 6.45 बजे शुरू होगी। इस दौड़ का फ्लैग आफ भारतीय हॉकी टीम के कोच मीर रंजन नेगी और मेजर जनरल श्रीकांत नीमा करेंगे।

डॉ. संदीप जुल्का ने बताया कि जागरूकता रैली में बीएसएफ के जवान, एनसीसी कैडेट्स, डॉक्टर और मधुमेह साथी शामिल होंगे। रैली मंगल सिटी मॉल से शुरू होकर रेडिसन होटल, बॉम्बे अस्पताल, और सत्य साईं चौराहा होते हुए वापस वहीं समाप्त होगी। इसके अलावा, सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक एक स्वास्थ्य शिविर भी आयोजित किया जाएगा।

**चित्रकारी और नृत्य कार्यक्रम भी आकर्षण का केंद्र-** शिविर के दौरान टाइप वन डायबिटीज बच्चे अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए चित्रकारी और नृत्य करेंगे। साथ ही, विशेषज्ञ डॉक्टर मधुमेह से बचाव और नियंत्रण के तरीकों पर जानकारी देंगे। इसमें इस बात पर भी चर्चा होगी कि मधुमेह कैसे आंख, गुर्दा और हृदय को प्रभावित करता है। कार्यक्रम में विशेषज्ञों द्वारा मधुमेह के इलाज में हो रहे नए आविष्कारों पर चर्चा की जाएगी। डॉ. जुल्का ने बताया कि जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से इससे पहले गुरुवार को लायंस क्लब के



सहयोग से 15 स्थानों पर शिविर लगाए गए, जिनमें 1100 लोगों की जांच की गई। इनमें से 12 प्रतिशत लोगों में शुगर का स्तर बढ़ा हुआ पाया गया। मधुमेह एक गंभीर समस्या है, लेकिन जागरूकता और समय पर जांच से इसे नियंत्रित किया जा सकता है। उन्होंने सभी से इस कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने की अपील की। चीनी कम मिठास भरपूर रन-वॉक मंगल सिटी मॉल से सुबह 6:45 बजे शुरुआत, फ्लैग ऑफ मीर रंजन नेगी और मेजर जनरल श्रीकांत नीमा द्वारा। स्वास्थ्य शिविर सुबह 10 से 1 बजे तक टाइप वन डायबिटीज बच्चों के लिए नि:शुल्क थायराइड और एचबीए 1 सी एवं आई चेक। डिस्काउंट रेट पर केयर सीएचएल पैथोलॉजी द्वारा मधुमेह स्वस्थ पैकेज।

**मधुमेह मरीजों पर रिसर्च : मधुमेह के 90 प्रतिशत मरीजों को मोटापा या अधिक वजन-** डॉ. संदीप जुल्का ने अपने सेंटर पर आने वाले 800 मरीजों पर एक विशेष अध्ययन किया। इस रिसर्च में मरीजों की आयु, पारिवारिक पृष्ठभूमि, खानपान की आदतें, और व्यायाम के स्तर पर विस्तृत जानकारी जुटाई गई। अध्ययन में सामने आया कि मरीजों में 56 प्रतिशत पुरुष और 44 प्रतिशत महिलाएं थीं। चौंकाने वाली बात यह रही कि 75 प्रतिशत मरीज मोटापे से ग्रस्त थे, जबकि 15 प्रतिशत का वजन सामान्य से अधिक पाया गया। कुल मिलाकर, 90 प्रतिशत मरीज मोटापे या अधिक वजन से ग्रस्त है।

**एकल परिवार और बाहर का भोजन मोटापे का बड़ा कारण-** अध्ययन के अनुसार, एकल परिवार में रहने वाले मरीजों में मोटापा अधिक देखा गया। इसके अलावा, बाहर का भोजन करने वालों में भी वजन बढ़ने की प्रवृत्ति पाई गई। शाकाहारी भोजन करने वाले कुछ मरीजों में भी मोटापा देखा गया, हालांकि इसका प्रतिशत कम था। रिसर्च में पाया गया कि 50 प्रतिशत मरीजों को यह भी नहीं पता था कि वे महीने में कितना तेल खा रहे हैं। अधिकतर मरीज एक लीटर प्रति व्यक्ति प्रति माह से ज्यादा तेल का सेवन कर रहे थे, जो स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। इनमें 65 प्रतिशत मरीज नियमित रूप से कोई भी व्यायाम नहीं करते।

**बाजार भाव :** चना कांटा में मांग घटी, चावल में पूछपरख

# सोया रिफाइंड महंगा, दालों में उठाव

स्वदेश समाचार ■ इंदौर

सियागंज किराना बाजार आज बंद रहा। खाद्य तेलों में तेजी हुई। आज सोयाबीन रिफाइंड ऊंचा होकर बिका। तिलहन रिफाइनरी प्लांटों की लिवाली से सोयाबीन बना रहा। दलहन मांग सुस्ती के साथ नरमी लिए बताए गए। दालों में उठाव रहा। चावल में कामकाज से पूछपरख बनी रही।

**किराना बाजार :** सियागंज किराना बाजार में गुरु नानक जयंती पर बंद रहा।

तेल-तिलहन : खाद्य तेलों में मांग से भाव में तेजी दर्ज की गई। आज सोयाबीन रिफाइंड ऊंचा होकर बिका। तिलहन में सोयाबीन में खरीदी रही।

**दाल-दलहन :** संयोगितागंज अनाज मंडी में दलहन जिन्सों में कामकाज सुस्ती लिए रहा। आज चना कांटा में मांग घटी रही। दाल तथा चावल में पूछपरख बताई गई।



**किराना :** शकर 3900 से 3940 रुपये प्रति क्विंटल। खोपरा गोला 160 से 205 रुपये प्रति किलोग्राम। खोपरा बूरा 3800 से 6000 रुपये प्रति 15 किलोग्राम। हल्दी खडी 200 से 270 रुपये प्रति किलोग्राम। साबूदाना 5400 से 6000, पैकिंग में 6400 से 6500 रुपये प्रति क्विंटल।

**तिलहन :** सरसों निमाड़ी 5600 से 5900 सोयाबीन 4200 से 4250 रुपये प्रति क्विंटल।

**तेल :** मूंगफली तेल इंदौर 1530 से 1550, सोयाबीन रिफाइंड 1325 से 1330, साल्वेंट 1265 से 1270, पाम तेल 1425 से 1430 रुपये प्रति 10 किलो।

**दलहन :** चना (कांटा) 6800 से 6850, चना विशाल 6600 से 6650, मसूर 6050 से 6100, तुअर निमाड़ी 8500 से 9700, तुअर सफेद (महाराष्ट्र) 10100 से 10300, तुअर (कर्नाटक) 10300 से 10500, मूंग 7800 से 8300, मूंग हल्की 7200 से 7700, उड़द 8300 से 8800, हल्की 3000 से 5000 रुपये प्रति क्विंटल।

**दाल :** चना दाल 8500 से 8900, तुअर दाल सवा नंबर 11600 से 11700, तुअर दाल फूल 15100 से 15200, तुअर दाल बोल्ड 16100 से 16300, आयातित तुअर दाल 10600 से 10700, मसूर दाल 7450 से 7750, मूंग दाल 9600 से 9900, मूंग मोगर 10100 से 10400, उड़द दाल 9900 से 10200, उड़द मोगर 11200 से 11700 रुपये प्रति क्विंटल।

### कपास्या खली में मांग

**इंदौर।** पशुआहार कपास्या खली में मांग बताई गई। इससे भाव में स्थिरता रही। कपास्या खली इंदौर 2050, कपास्या खली देवास 2050, कपास्या खली उज्जैन 2050, कपास्या खली खंडवा 2025, कपास्या खली बुरहानपुर 2025 रुपये प्रति 60 किग्रा.। कपास्या खली अकोला 2950 रुपये प्रति कि क्विंटल। भाव टैक्स पेड हैं।

**चावल-पोहा :** बासमती 11500 से 12500, तिबार 10000 से 11000, दुबार 8500 से 9500, मिनी दुबार 7000 से 7500, मोगरा 4500 से 7000, बासमती सैला 7000 से 9500ह्व, कालीमूंछ 8000 से 8500, राजभोग 6500 से 7500, दूबराज 4000 से 4500, परमल 3500 से 3700, हंसा सैला 3700 से 3800, हंसा सफेद 3000 से 3200, पोहा 4700 से 5100 रुपये प्रति क्विंटल।

# खाने के तेल में लग रही आग!

स्वदेश समाचार ■ इंदौर

बीते महीने पाम, सनफ्लावर और अन्य खाने के तेलों की कीमतों में 10-13 फीसद की बढ़ोतरी हुई है, दीवाली सीजन के बाद इसमें कोई राहत नहीं मिली है, जिससे उद्योग हैरान है और पैकेज्ड गुड्स फर्मों पर कीमतें बढ़ाने का दबाव है। जानकारों का कहना है कि पाम और सोयाबीन तेल की अंतर्राष्ट्रीय कीमतों में उछाल, चीन की ओर से जोरदार खरीदारी और भारत में आपूर्ति की कमी कुछ ऐसे कारण हैं, जिनकी वजह से खाने का तेल सस्ता नहीं हो रहा है। तिलहन उद्योग पर केंद्रित ब्रोकिंग एवं परामर्श फर्म सनविन ग्रुप के मुख्य कार्यकारी संदीप बाजोरिया ने कहा, बीते तीन-चार हफ्तों में पाम तेल की कीमत लगभग 11 फीसद बढ़ी है, जबकि जनवरी से अब तक इनमें लगभग 30 फीसद की बढ़ोतरी हुई है। कारण मलेशिया और इंडोनेशिया में कम उत्पादन है, जिसने इस व्यवसाय में सभी को आश्चर्यचकित कर दिया है। पाम ऑयल के दूसरे सबसे बड़े निर्यातक मलेशिया में 5 नवंबर को पाम ऑयल की कीमतें ढाई साल के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई। पाम ऑयल की कीमतों में लगातार हो रही बढ़ोतरी से कंपनियों की लागत भी बढ़ी है। सितंबर दूसरी तिमाही में एफएमसीजी कंपनियों की कमाई और लागत पर असर पड़ा, जो पाम ऑयल और उसके डेरिवेटिव्स के कारण हुआ। इसलिए इनमें से कुछ कंपनियों ने संकेत दिया था कि वे इस पर विचार कर दि रही हैं। भारत 60 फीसद बाहर से मंगवाता है, इसलिए घरेलू सोयाबीन और मूंगफली है पैदावार में बढोतरी से भी तेल की कीमतों को कम करने में मदद नहीं मिल पा रही है।

मंडी में सोयाबीन के 4400 से 4500 रुपए प्रति क्विंटल मिल रहे भाव

# सोयाबीन उपार्जन के 20 दिन में उपार्जन केंद्र खाली, जिम्मेदार बेफिक्र

स्वदेश समाचार ■ इंदौर



सरकार ने सोयाबीन का उपार्जन दाम 4892 रुपए प्रति क्विटल रखा है जो 12 प्रतिशत नमी तक ही स्वीकार है। जबकि सोयाबीन आते ही मंडी में 4400 से 4500 रुपए प्रति क्विटल में बिकी। इसमें नमी का मापदंड भी लिबरल रहा है, जिससे किसानों ने मंडी की दौड़ लगाई। इस समय मंडी में सोयाबीन का एवरेज दाम 4200 से 4600 प्रति क्विटल है, जो भले ही सरकारी दाम से कम है, लेकिन 13 से 15 प्रतिशत नमी होने के बावजूद मंडी में इसकी खरीदी हो रही है। यही कारण है कि सरकारी खरीदी के दाम 4892 रुपए प्रति विंवटल होन के बावजूद किसानों को मंडी ज्यादा भा रही है। गौरतलब है कि सरकार ने सोयाबीन का उपार्जन 25 अक्टूबर से शुरू किया जो 31 दिसंबर तक चलेगा। इंदौर जिले में 15 केंद्र पर सोयाबीन की सरकारी खरीदी हो रही है। गुरुवार तक 2743.5 क्विटल सोयाबीन का उपार्जन हो सका था, जबकि 1893 क्विटल उपार्जित सोयाबीन गोदाम तक पहुंच चुकी है। सरकार ने जिले के लिए खरीदी का टारगेट नहीं रखा, जिससे खरीदी नहीं होने पर भी जिम्मेदार अफसरों में तनाव नहीं है। हालांकि प्रदेश में उपार्जन का टारगेट तय किया गया है, जिसमें उत्पादन का 25 प्रतिशत सोयाबीन उपार्जन होना है। मतलब 13 लाख मेट्रिक टन खरीदी करनी है। इंदौर जिले में सोयाबीन की फसल 2.14 लाख हेक्टेयर पर होती है। प्रति+ हेक्टेयर उत्पादन 17 क्विटल है। इस लिहाज से कुल उत्पादन 3.6 लाख मेट्रिक टन है। जबकि उपार्जन के लिए पंजीकृत 29 हजार क्षेत्र से 50 हजार मेट्रिक टन से ज्यादा सोयाबीन खरीदी केंद्रों तक नहीं पहुंचेगी। सोयाबीन उपार्जन के लिए मार्कफेड नोडल एजेंसी है, जबकि सहयोगी के रूप में कृषि विभाग है।

### सुपीरियर कैलिब्रेशन की पेशकश की ड्यूरोप्लाय ने

**नईदिल्ली।** भारत की प्रमुख एवं सबसे अनुभवी प्लायवुड कंपनियों में से एक, ड्यूरोप्लाय ने अपने प्लायवुड प्रोडक्ट्स रेंज में सुपीरियर कैलिब्रेशन की पेशकश की है। सुपीरियर कैलिब्रेशन की पेशकश के साथ कंपनी ने दिखा दिया है कि वे हमेशा से बिल्डर्स, आर्किटेक्ट्स और इंटीरियर डिजाइनरों की ज़रूरतों को पूरा करने की कोशिश करते हैं। ड्यूरोप्लाय में मैन्युफैक्चरिंग के प्रेसिडेंट अभिषेक चितलांगिया ने कहा, 'हम ड्यूरोप्लाय की प्लायवुड प्रोडक्ट्स रेंज में सुपीरियर कैलिब्रेटेड प्लायवुड की पेशकश करते हुए उत्साहित हैं। हमारे पास अपनी उत्पादन प्रक्रियाओं के लिये आधुनिक टेक्नोलॉजी है, जो सुनिश्चित करती है कि अंतिम उत्पाद का फ्लैट सरफेस पूरी तरह से फ्लैट होकर ना सिर्फ इंटीरियर्स की खूबसूरती बढ़ाता है बल्कि उन्हें पीढ़ियों तक टिकाऊ बनाए रखता है। ड्यूरोप्लाय के सुपीरियर प्लायवुड की हर शीट का उत्पादन बड़ी सावधानी से किया जाता है, ताकि उनकी मोटाई और सतह बिल्कुल एक जैसी तथा चिकनी रहे। इससे गुणवत्ता की निरंतरता सुनिश्चित होती है और घर,ऑफिस तथा कमर्शियल इंटीरियर्स की खूबसूरती, मजबूती एवं टिकाऊपन बढ़ता है।

### विदेशी मुद्रा भंडार लुढ़ककर 675.7 अरब डॉलर पर

**नईदिल्ली।** विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, स्वर्ण, विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि में भारी कमी होने से 08 नवंबर को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 6.5 अरब डॉलर की बड़ी गिरावट के साथ 675.7 अरब डॉलर पर आ गया। इसी तरह इसके पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 2.7 अरब डॉलर घटकर 682.1 अरब डॉलर पर रहा था।रिजर्व बैंक की ओर से शुक्रवार को जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 08 नवंबर को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 4.5 अरब डॉलर की भारी गिरावट के साथ 585.4 अरब डॉलर पर आ गई।


**Change in Name**

I RAM CHANDRA S/O KISHANCHAND Here by Declare That I have changed My name as RAM CHANDRA KANDHARI S/O KISHANCHAND so. from now and In future I will be known by my new name.

RAM CHANDRA KANDHARI
S/O KISHANCHAND
Add: 27-A, DWARKAPURI
JHULELAL MANDIR WALI
GALI, INDORE(M.P.)452009



**कार्यालय नगर पालिक निगम बुरहानपुर**

**निविदा सूचना 2024-25**

**निविदा सूचना क्र./पी.डब्लू.डी./2024-25/12** — **बुरहानपुर, दिनांक 14/11/2024**

नगर पालिक निगम बुरहानपुर द्वारा ऑनलाइन पोर्टल https://mptenders.gov.in टेण्डर आमंत्रित किये जाते हैं। टेण्डर का संक्षिप्त विवरण निम्नानुसार है :

| क्र. | टेण्डर आई. डी. नंबर | कार्य का नाम व स्थान | आरक्षित राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथी |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2024_UAD_378989_1 | मु.न.क्षे.अ.नि.यो.अन्त. अमरावती रोड पर सामुदायिक भवन निर्माण का कार्य। | 6 माह 84.75 लाख | 10,000/- 65,000/- | 17-12-2024 |
| 2 | 2024_UAD_378994_1 | मु.न.क्षे.अ.नि.यो.अन्त. वार्ड नं. 43 लालबाग के द्वारकापुरी में सामुदायिक भवन एवं बाउंड्रीवाल निर्माण का कार्य | 4 माह 17.80 लाख | 2,000/- 13,500/- | 17-12-2024 |
| 3 | 2024_UAD_379865_1 | मु.न.क्षे.अ.नि.यो.अन्त. वार्ड नं.8 डॉ. अम्बेडकर वार्ड में मासुम बाबा की दरगाह से हसन शाह की दरगाह तक रोड एवं रिटेनिंग वॉल का निर्माण। | 4 माह 12.70 लाख | 2,000/- 10,000/- | 17-12-2024 |

ऑनलाइन क्रय एवं प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि As per key Date, कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है। उपरोक्त निविदा में किसी भी प्रकार का संशोधन किया जाता है, तो वेबसाइट पर ही दिखाई देगा।

**कार्यपालन यंत्री**
**वास्ते आयुक्त नगर पालिक निगम बुरहानपुर**



**Flexituff Ventures International Limited**

**CIN: L25202MP1993PLC034616**
Regd. Office : 6th Floor, Treasure Island, 11, South Tukoganj, M.G. Road, Indore (M.P.) 452001, Ph.: 07292-420200, 401881-82-83, Fax : 07292-401684
E-mail : cs@flexituff.com, URL : www.flexituff.com

**Extract of Consolidated Financial Results For The Quarter and Half Year Ended 30th September, 2024**

(₹ in Lakhs except EPS)

| Particulars | Quarter Ended | | | Year Ended |
|---|---|---|---|---|
| | 30.09.2024 | 30.06.2024 | 30.09.2023 | 31.03.2024 |
| | Unaudited | Unaudited | Unaudited | Audited |
| Total Income from Operations (Net) | 8506.05 | 7995.16 | 17715.23 | 59856.39 |
| Net Profit / (Loss) for the period (before tax, exceptional and / or extraordinary items) | (3920.56) | 7179.85 | (4918.65) | (25623.40) |
| Net Profit / (Loss) for the period before tax (after Exceptional and / or Extraordinary Items) | (3920.56) | 44940.08 | (4918.65) | (25623.40) |
| Net Profit / (Loss) for the period after tax (after Exceptional and / or Extraordinary Items) | (1201.06) | 27723.56 | (2762.72) | (18409.26) |
| Total Comprehensive Loss for the period [Comprising Profit for the period (after tax) and other Comprehensive Income (after tax)] | (1228.45) | 27691.73 | (2766.38) | (18399.03) |
| Equity Share Capital | 3282.28 | 3070.41 | 2688.28 | 3070.41 |
| Earning Per Share (of ₹10/- each) (for continuing and discontinued operations) - Basic : | (3.86) | 90.14 | (10.25) | (64.35) |
| Diluted : | (3.86) | 84.32 | (10.25) | (64.35) |

**The Key Information of the Un-audited Standalone Financial Results of the Company for the Quarter and Half Year ended 30th September, 2024 is given below:**

| Particulars | Quarter Ended | | Year Ended |
|---|---|---|---|
| | 30.09.2024 | 30.06.2024 | 31.03.2024 |
| Total Income from Operations (Net) | 8506.05 | 7995.16 | 59851.44 |
| Net Profit / (Loss) for the period (before tax, exceptional and / or extraordinary items) | (3908.02) | 6923.30 | (25668.43) |
| Net Profit / (Loss) for the period after tax (after Exceptional and / or Extraordinary Items) | (3908.02) | 44683.53 | (25668.43) |
| Total Comprehensive Income | (1223.08) | 27441.47 | (18618.81) |

**Notes:**
1. The above mentioned are the extract of the detailed Financial Results for the Quarter and Half Year ended 30th September, 2024 filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligation and Disclosure Requirements) Regulations, 2015.
2. The above results have been reviewed by the Audit Committee and approved by Board of Directors at their respective meetings held on 14th November, 2024.
3. The full format of the Standalone and Consolidated Financial Results for the Quarter and Half Year ended 30th September, 2024 are available on the Stock Exchanges' Website (**www.bseindia.com** and **www.nseindia.com**) and on the Company's Website **(www.flexituff.com)**.

By order of the Board
For **Flexituff Ventures International Limited**
Sd/-
**Saurabh Kalani**
Whole-Time Director

Place: **Pithampur**
Date : **14th November, 2024**

VIGILANCE

